# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 19.09.2026**

- **थाना मूसानगर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध शस्त्र-कारतूस के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण एवं घटनाओं की रोकथाम तथा खुलासे हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, दिनांक 18.09.2026 को थाना मूसानगर पुलिस बल द्वारा चपरघटा पुल बैरियर के पास संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मुगल रोड़ से ग्राम हलिया की ओर जाने वाले रास्ते पर मोड़ के पास से एक व्यक्ति को पुलिस हिरासत में लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम मो0 अकमल पुत्र मो0 आरिफ निवासी वार्ड न0 15 फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात बताया व जामा तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0 105/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम मो0 अकमल उपरोक्त पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्ताशुदा अभियुक्त का विवरण-**

1. मो0 अकमल उम्र करीब 23 वर्ष पुत्र मो0 आरिफ निवासी वार्ड न0 15 फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 105/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मूसानगर पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री लक्ष्मी प्रसाद सिंह
2. कां0 877 सत्यवीर सिंह
3. कां0 गोविन्द यादव
4. कां0 483 उज्जवल सौन
5. कां0 महेन्द्र सिंह